# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## दिसम्बर 2020




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

# सीएम माननीय श्री भूपेश बघेल जी करेंगे 4 करोड़ 75 लाख के विकास कार्य का लोकार्पण

भिलाई। नगर निगम भिलाई द्वारा 2 दिसंबर को लोकार्पण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि सीएम मा. श्री भूपेश बघेल जी होंगे। सीएम श्री बघेल जी के करकमलो द्वारा 2 दिसंबर की शाम 5.25 बजे नगर निगम भिलाई के वार्ड क्रमांक 29 बापूनगर तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य एवं वार्ड क्रमांक 34 श्रीराम चौक (अंडा चौक) ग्राउंड में हाई मास्क एवं मूलभूत विकास कार्य का लोकार्पण किया जाएगा। 4 करोड़ 75 लाख की लागत से महापौर व भिलाई नगर विधायक श्री यादव द्वारा कराए गए विकास कार्य का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में महापौर परिषद के सभी सदस्य, समस्त एल्डरमेन एवं समस्त सम्मानीय पार्षदगण सहित क्षेत्र के नागरिक शामिल होंगे। गौरतलब है कि भिलाई के युवा महापौर श्री देवेंद्र यादव की पहल से खुर्सीपार क्षेत्र की जनता की वर्षों पूरानी मांगों को पूरा करते हुए वार्ड क्रमांक 29 बापूनगर तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य किया गया है। साथ ही खुर्सीपार क्षेत्र के खिलाड़ियों के हित और बेहरत भविष्य को देखते हुए महापौर श्री यादव ने श्री राम चौक मैदान में हाई मास्क एवं मूलभूत विकास कार्य कराया है। ताकि क्षेत्र के खिलाड़ियों को अभ्यास करने के लिए टाउन शिप के मैदान तक जाने की आवश्यकता न पड़े।  खिलाड़ियों को उन्हीं के क्षेत्र में बेहतर अभ्यास के लिए मैदान मिल सकेगा।





# जिले के नगरीय निकाय के अधिकारियों ने स्वास्थ्य शिविर स्थल का किया संयुक्त अवलोकन

भिलाई नगर/ गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों को मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत आयोजित हो रहे शिविर में बेहतर चिकित्सा सुविधा दिलाने के लिए आज निगम सभागार में आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने बैठक ली! बैठक में महिला बाल विकास के अधिकारी, महिला पर्यवेक्षक, जिले के नगरीय निकाय के आयुक्त एवं उनके प्रतिनिधि के रूप में अधिकारी मौजूद रहे! आयुक्त श्री रघुवंशी ने बैठक में आंगनबाड़ी की वर्तमान स्थितियों की जानकारी ली, आंगनबाड़ी भवन, आंगनबाड़ी स्थल, भोजन व्यवस्था, कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण आहार एवं आंगनबाड़ी महिलाओं की पद स्वीकृति इत्यादि विषय को लेकर विस्तृत समीक्षा की! आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक से आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए जहां भवन नहीं है उनकी सूची तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में अधूरे कार्यों की जानकारी भी ली! आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती, शिशुवती, कुपोषित बच्चों एवं अन्य बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार के बारे में गहन समीक्षा की गई! दाई-दीदी क्लीनिक का संयुक्त अवलोकन निगम सभागार में बैठक होने के बाद महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी, महिला पर्यवेक्षक एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों ने रविदास नगर आंगनबाड़ी केंद्र के पास आज लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का संयुक्त अवलोकन किया! दाई-दीदी क्लीनिक में सेनेटरी नैपकिन की व्यवस्था स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं को उत्तम सुविधा मुहैया कराने के लिए भिलाई निगम सतत प्रयासरत है! दाई-दीदी क्लिनिक में सेनेटरी नैपकिन की व्यवस्था की गई है!





# स्वच्छता के कार्यों में तेजी, हर मापदंडों पर विशेष फोकस, आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी प्रातः निरीक्षण के दौरान पहुंचे स्लम क्षेत्र

भिलाई नगर/ निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी प्राप्त निरीक्षण के दौरान पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे स्लम क्षेत्र पहुंचे! समीप ही सफाई कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा था, परंतु आयुक्त सीधे अंदरूनी इलाके पहुंचे! वही एक स्थल पर निर्माणाधीन मकान का बीच सड़क पर मलबा पड़ा हुआ था, जिसे हटवाकर कार्रवाई करने के निर्देश उन्होंने जोन आयुक्त को दिए! नालियों की सफाई निरंतर कराने के निर्देश दिए! खाली प्लॉट पर कचरा डालने वालों पर कार्रवाई करने कहा! समीप स्थित शौचालय के सफाई व्यवस्था एवं आवश्यक सुविधाओं का जायजा के इस दौरान लिया गया! स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा सड़कों के किनारे जमी धूल को हटाने का कार्य किया जा रहा था! इस दौरान आयुक्त ने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया! स्मृति नगर शराब दुकान के पास पसरी गंदगी को देखकर पूर्ण रूप से सफाई कराने के निर्देश दिए! वाहन को रुकवाकर स्मृति नगर के प्रत्येक गली-मोहल्लों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का निरीक्षण किया! रिक्शा चालक द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के दौरान सूखा कचरा एवं गीला कचरा पृथक-पृथक लिया जा रहा है या नहीं इसका अवलोकन किया! उन्होंने कहा कि सोर्स सेग्रीगेशन से ही पृथक-पृथक कचरा प्राप्त होने पर एसएलआरएम सेंटर में खाद बनाने की प्रक्रिया में तेजी आएगी! उल्लेखनीय है कि स्वच्छता संबंधी कार्य एवं वार्ड क्षेत्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए निगम आयुक्त के निर्देश पर जोन आयुक्त अपने-अपने क्षेत्रों में प्रातः भ्रमण करते हुए जायजा लेकर व्यवस्थाओं को और बेहतर करने अपनी टीम से कार्य ले रहे हैं!



## स्वास्थ्य सुविधों में विस्तारीकरण के लिये एंबुलेंस की सुविधा होगी उपलब्ध

भिलाईनगर/ भिलाई निगम क्षेत्र में स्वास्थ्यगत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये इसके विस्तारीकरण के लिये नया मिनी एम्बुलेंस महापौर एवं भिलाईनगर विधायक श्री देवेंद्र यादव के प्रयासों से मिला है। जिसे आज महापौर ने निगम परिसर से हरी झंडी देकर रवाना किया! एंबुलेंस के लिये विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने अपनी विधायक निधि से 7 लाख 22 हजार रूपये स्वीकृति किये है। मिनी एम्बुलेंस होने के कारण यह छोटे-छोटे गली मोहल्ले में आसानी से पहुंच सकेगी। इस वाहन को मरीजों के उपयोग में लाने के लिये निगम के वाहन शाखा से संपर्क करना होगा। एक फोन पर यह घरों में उपलब्ध हो जाएगी। महापौर द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद यह अपनी सुविधा प्रदान करने के लिय तैयार है। महापौर श्री यादव का कांसेप्ट था कि एक ऐसा एम्बुलेंस हो जो सकरी गलियों में घरों तक पहुंचकर बीमार लोगो को जल्दी से अस्पताल पहुंचा सके। निगम से इस सुविधा की शुरूआत आज से हो गई है। बीमार एवं स्वास्थ्यगत संबंधी जरूरत के लिये सभी इसका सहज उपयोग कर पायेंगे। इस वाहन से निगम क्षेत्र के रहवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। कई दफा अस्पतालों में एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं होने एवं अन्य कारणों से नहीं मिलने पर इसकी उपयोगिता महत्वपूर्ण होगी। मरीजों के लिए एम्बुलेंस घर तक पहुंचेगी। इससे स्वास्थ्य सेवाओं में भी विस्तार होगा। हरी झंडी दिखाकर वाहन रवाना करने के दौरान वाहन शाखा के प्रभारी एवं महापौर परिषद के सदस्य जोहन सिन्हा, एमआईसी सदस्य जी. राजू, एल्डरमैन सुनील गोयल एवं वाहन विभाग से विष्णु चंद्राकर मौजूद रहे।




नगर पालिक निगम भिलाई

# ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के पास हुए पाइपलाइन का संधारण कार्य पूर्ण

भिलाई नगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट से 4 ओवरहेड टैंक को पानी दिया जा रहा है! नेहरू नगर जोन क्रमांक 1 अंतर्गत नवनिर्मित ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के समीप पाइप लाइन में लीकेज हो जाने के कारण इसे सुधारने के लिए निगम की टीम के दिन रात लगे होने के बाद इसे 13 नवंबर को पूर्ण कर इस पाइप लाइन से जल प्रदाय प्रारंभ कर दिया गया है! 800 mm की डीआई मुख्य पाइप लाइन 66 एमएलडी से निकलकर शहर के विभिन्न टंकियों में पानी सप्लाई करती है! मुख्यतः यह पाइपलाइन वर्तमान में नेहरू नगर, फरीद नगर, स्मृति नगर और रिसाली को जलापूर्ति कर रही है! ट्रैफिक पुलिस स्टेशन परिसर के नीचे से ही पाइपलाइन गुजरी हुई थी, जिसे बगल में ही शिफ्ट कर दिया गया है! लीकेज धीरे-धीरे बढ़ने पर इसने बड़ा रूप धारण कर लिया था! 66 एमएलडी के मुख्य पाइप लाइन होने के कारण आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर संधारण कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिया गया! ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के समीप से ही दो पाइपलाइन गुजरी हुई है



# वार्ड क्रमांक 29 में महापौर देवेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 बापुनगर क्षेत्र में संत श्री शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है! आज महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव कार्यक्रम में पहुंचे! उन्होंने सतनाम भवन के अधूरे कार्य को पूर्ण करने निर्माण कार्य का भूमि पूजन समाजिक जनों के साथ मिलकर किया! 10 लाख की लागत से सतनाम भवन का रिनोवेशन कार्य किया जाएगा, बाउंड्री वॉल निर्माण किया जाएगा, सीढ़ी बनाई जाएगी! बाबा गुरु घासीदास के आशीर्वाद से शहर की जनता का सेवा करने का सौभाग्य और मौका प्राप्त हुआ है! बाबा गुरु घासीदास ने समाज को हमेशा एकता की डोर में बांधकर भेदभाव की बुराई को छोड़कर सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है! समाजिक जनों में सतनाम भवन के अधूरे कार्य को पूर्ण करने की शुरुआत होने से खुशी का माहौल दिखा! छत्तीसगढ़िया भाषा में उद्बोधन महापौर ने सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए आगे छत्तीसगढ़ी भाषा में संबोधित करते हुए कहा कि 2 साल में छत्तीसगढ़िया वासी मन के अभिमान बढ़ाए बर, छत्तीसगढ़िया वासी मन के स्वाभिमान बढ़ाए बर काम करें हन, जैसने हमर सरकार वादा कर रीहीस चाहे राशन कार्ड के बात हो, दाई दीदी क्लीनिक के माध्यम से माता बहीनी मन बर स्वास्थ्य सुविधा के बात हो, युवा साथी मन के लिए स्कूल,कॉलेज, खेल के बात हो, हर विषय में हमन ध्यान देवत हन, जबसे बापू नगर के बस्ती बसे रीहीस हे तब से पानी के समस्या रीहीस, लेकिन 2 साल में घर-घर पानी मिलत हे, आप मन के आशीर्वाद के कारण काम संभव हो पाथे, आप मन के भावनाओं के अनुरूप आगे भी काम करत रबो!



# स्वच्छ सर्वेक्षण की गतिविधियों में तेजी लाने एवं वार्ड क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए अधिकारी/कर्मचारी लगातार कर रहे हैं मॉर्निंग

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शासन एवं निगम के प्रमुख कार्य की प्रगति तथा सफाई व्यवस्था बेहतर बनी रही इसके लिए निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जोन कमिश्नर एवं अधिकारी अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन मॉर्निंग विजिट कर रहे हैं। स्वयं निगम आयुक्त मॉर्निंग विजिट में निगम के किसी भी क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं! निगमायुक्त के निर्देश के बाद सुबह से सभी जोन के आयुक्त अपने-अपने क्षेत्रों का दौरा कर सफाई की गतिविधियों में तेजी लाने के लिए अपनी स्वच्छता टीम के साथ सघन निरीक्षण कर गली-मोहल्लों तक पहुंच रहे है तथा वार्ड क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू हो रहे है। आज सुबह से जोन के अधिकारियों ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, उन्होंने सार्वजनिक शौचालयों की सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया, केयरटेकर की प्रतिदिन की उपस्थिति पंजी देखी, शौचालय में पानी सप्लाई देखी। प्रातः निरीक्षण के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के तहत निगम क्षेत्र में गंदगी फैलाने वालों पर दंडात्मक कार्यवाही भी की जा रही है। निगम क्षेत्र के सभी सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों की व्यवस्था और बेहतर की जा रही है! शौचालय की गंदगी को सक्शन यूनिट के माध्यम से निकासी किया जा रहा है! स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत भिलाई निगम प्रशासन शहर की सफाई व्यवस्था को और चाक-चौबंद कर रही रही है। मोहल्लों के बीचोंबीच कचरे के डंपिंग साइट समाप्त करने, नया डंपिंग साइट नहीं बनने देने, नालियों की अच्छी से सफाई, शौचालय की बेहतर व्यवस्था, सफाई कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति तथा बाजार क्षेत्रों की दो पालियों में सफाई को लेकर अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किए जा रहे है।



# स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत शहर की सफाई व्यवस्था में जुटा निगम

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका उपयोग कर सके और खुले में शौचमुक्त शहर बन सके। महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में भिलाई को शीर्ष स्थान पर लाने स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डो के तहत् कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये हुए हैं, जिसके तहत् जोन के अधिकारी प्रतिदिन अपने क्षेत्रों में सड़क, नालियों और शौचालयों के सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। आयुक्त ने निर्देशित किया है कि समस्त सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालय की स्थिति बेहतर हो किसी भी प्रकार की असुविधा शौचालय में उपयोग करने वालों को न हो इसके लिए शौचालयों की सीट एवं मूत्रालय हमेशा साफ एवं उपयोग योग्य होना चाहिए, वाश बेसिन व फर्श साफ सुथरा रहे। भिलाई निगम क्षेत्र में सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों में बेहतर व्यवस्था बनाने प्रतिदिन सफाई करने के साथ ही नया रंग रोगन किया गया है। शौचालय में आइना, कूड़ादान, जल की उपलब्धता, हाथ धोने के लिए साबुन, पानी और नल होना सुनिश्चित किया गया है। शौचालय में सभी प्रकार की सुविधाओं को ध्यान देकर मरम्मत एवं संधारण भी किया जा रहा है! रात्रि में पर्याप्त रोशनी के लाइट लगाई जा रही है। निगम आयुक्त श्री रघुवंशी ने निर्देश दिया है कि स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत् सभी शौचालयों में महिलाओं व पुरूषों के लिए पृथक-पृथक प्रवेश द्वार होना चाहिए।



# निगम प्रशासन ने 4 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

भिलाई नगर । 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम भिलाई, के 4 कर्मचारियों को गुरूवार को ससम्मान विदाई दी गई। आर के सोनी को आज सेवानिवृत्ति के पूर्व सहायक लेखा अधिकारी पर पदोन्नत किया गया है! विदाई समारोह में निगम के सभापति पी. श्याम सुंदर राव, महापौर परिषद की सदस्य एवं सामान्य प्रशासन विभाग की प्रभारी श्रीमती सुभद्रा सिंह एवं उपायुक्त तरूण पाल लहरे ने कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शाॅल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते अपने सेवा के दौरान अनुभव को साझा किया! विदाई समारोह में सभापति पी. श्याम सुंदर राव ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए।




**Editorial Board**

श्री ऋतुराज रघुवंशी
आयुक्त
आई.ए.एस.
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई


नगर पालिक निगम भिलाई